Regarding request to start Vande Bharat Express train from Lucknow to Delhi via Shahjahanpur

श्री अरुण कुमार सागर **(शाहजहाँपुर) :** चेयरमैन सर, मैं आपका धन्यवाद करता चाहता हूँ कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया । मैं शहीदों की नगरी जनपद शाहजहाँपुर से आता हूँ और हमारा क्षेत्र अनुसूचित जाति बाहुल्य है । (व्यवधान) मैं सबसे पहले हमारे लोकप्रिय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उनकी दूरदर्शी सोच से वंदे भारत ट्रेन देश की रफ्तार बढ़ा रही हैं । ये ट्रेनें न केवल यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर दे रही हैं,बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही हैं । इसी तरह हमारे संबंधित रेल मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में रेलवे विभाग निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है । उनकी मेहनत से लाखों यात्रियों का जीवन आसान हो रहा है ।

मैं अपने लोक सभा क्षेत्र जनपद शाहजहाँपुर के निवासियों की ओर से एक छोटी सी मांग सदन में उठाना चाहता हूँ कि लखनऊ से दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शाहजहाँपुर से होते हुए शुरू हो और इस ट्रेन का ठहराव जनपद शाहजहाँपुर स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए । मैंने एक जुलाई 2025 को रेल मंत्री जी को एक पत्र लिखा था, जिस पर उन्होंने 22 जुलाई को जांच के निर्देश दिए । मेरा निवेदन है कि इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई की जाए । मान्यवर, बहुत-बहुत धन्यवाद । (व्यवधान)